# DAV PG COLLEGE, VARANASI

(Admitted to the privileges of Banaras Hindu University)

## NATIONAL SERVICE SCHEME

# Report

SPECIAL CAMP

**(March 02nd- 08th '2025)**

**(Dr. Rajesh Kumar Jha)**

Program Officer

**(Prof. Misri Lal)**

Principal
DAV PG College,
Varanasi

**(Dr. Swapana Meena)**

NSS Co-Ordinator

Banaras Hindu University

# Schedule of Seven Days (Special) Camp

| Day | Date | Program |
|---|---|---|
| 1 | 02/03/2025 | • **Reporting**<br>• **Inauguration**<br>• **Training program on financial investment & Cyber security** |
| 2 | 03/03/2025 | • **Swachh Kashi-Sundar Kashi**<br>• **Slogan writing competition on Cleaning Ganga**<br>• **Session on Preservation of Ganga, Religion & Civilization**<br>• **Yoga training**<br>• **Education awareness rally**<br>• **Health & education survey in slums** |
| 3 | 04/03/2025 | • **Lecture on Kashi culture and traditions**<br>• **Rally on clean ganga**<br>• **Street show on Voter awareness**<br>• **Cleaning banks of the holy ganga**<br>• **Visit & Interaction with Helpless people at Mother Teresa shelter home** |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 05/03/2025 | • **Street show on Cyber security**<br>• **Visit to sensitize to historical place**<br>• **Rally on Cyber security**<br>• **Session on sensitization about Museum and Bharat kala bhavan** |
| 5 | 06/03/2025 | • **Yoga practice on the bank of holy river**<br>• **Rally on Drug-free society**<br>• **Visit to Plant of National Mission for clean ganga**<br>• **Training programme on Sanskrit language**<br>• **Street show on cleaning India** |
| 6 | 07/03/2025 | • **NEP orientation programme**<br>• **Speeches & poem on International Women's Day**<br>• **Honoured Women teacher on International Women's Day** |
| 7 | 08/03/2025 | • **Reporting**<br>• **Awareness & sensitization program on Blood donation**<br>• **Street show on women's power**<br>• **Speeches & poem presentation by volunteers**<br>• **Conclusion**<br>• **Valedictory programme** |

## Day- 01

**दिनांक: 02.03.2025, दिन: रविवार**





आज 02.03.2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना, डी ए वी पीजी कॉलेज के यूनिट सी के द्वारा सप्त दिवसीय शिविर का आयोजन का उद्घाटन रविदास घाट पर हुआ। कार्यक्रम का लप्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत एवं ताल से हुआ।

ततपश्चात समस्त स्वयं सेवकों के परिचय विवरण लिया गया। अगले सत्र में कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ रविन्द्र सिंह, पार्षद प्रतिनिधि, मुख्य-वक्ता डॉ पुष्पा त्रिपाठी, प्रोफेसर, आर्य महिला कॉलेज एवं विशिष्ट अतिथि डॉ रंगनाथ मिश्र के स्वागत से हुआ।

डॉ रविन्द्र सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना का युवाओं के व्यक्तित्व एवं सामाजिक विकास में होने वाले भूमिका को बताया।






मुख्य वक्ता डॉ पुष्पा त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की आधारशिला रखी एवं संस्कार के व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव को बताया। इन्होंने स्वयं सेवको को स्वस्थ्य शारीरिक मानसिक व भावात्मक विकास







हेतु अभिप्रेरित किया। डॉ रंगनाथ मिश्र ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में उपयोगिता को बताया।कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में Secuirity And Exchange Board Of Indian- Govt Of India Independent Organisation(SEBI) से आए हुए स्मार्ट ट्रेनर श्री दीपक कुमार ने






स्वयं सेवको को फाइनेंशियल अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत सेविंग, इन्वेस्टमेंट, बैंकिंग, साइबर सुरक्षा, म्यूचुअल फंड एवं रोल ऑफ सेबी विषय पर स्वयं सेवको का ज्ञानवर्धन / जागरूक किया एवं साइबर सुरक्षा के विभिन्न आयामों को बताया।







अंतिम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश कुमार झा ने समस्त आगंतुकों का अभिवादन व धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा हुआ ।

**Report**

**Day- 02**

# दिनांक – 03 मार्च 2025, दिन – सोमवार




राष्ट्रीय सेवा योजना (यूनिट-सी) डी ए वी पीजी कॉलेज के अन्तर्गत सप्त दिवसीय के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक रूप से गायन से किया, जिससे शिविर में ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।




कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश कुमार झा द्वारा स्वयं सेवकों को शिविर के द्वितीय दिवस की सम्पूर्ण कार्य योजना से अवगत कराया गया। आज के शिविर का मुख्य उदेश्य सफाई अभियान था। स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाया और घाट को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए श्रमदान किया।।





सफाई अभियान के पश्चात भोजनावकाश हुआ, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने एक साथ भोजन किया और अपने अनुभवों को साझा किया। इसके बाद गंगा निर्मलीकरण विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए प्रभावशाली नारों की रचना की।






आज के विशेष सत्र में डॉ. विनय कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, बी.एच.यू. ने गंगा निर्मलीकरण पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने गंगा के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व




पर प्रकाश डालते हुए उसकी स्वच्छता और संरक्षण के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने स्वयंसेवकों को गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।



आज के शिविर का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। द्वितीय दिवस का यह शिविर अत्यंत सफल और प्रेरणादायक रहा, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत किया। यह शिविर का समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक महत्वपूर्ण पहल रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

**Report**

**Day- 03**

## दिनांक – 4 मार्च 2025, दिन –मंगलवार



राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई-सी ने आज अपने सप्त दिवसीय शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन किया। शिविर की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के सामूहिक गायन से हुई, जिससे स्वयंसेवकों में जोश और ऊर्जा का संचार हुआ।

इसके पश्चात डॉ. गंगाधर मिश्र, अध्यक्ष, साहित्य विभाग, नंदलाल बाजोरिया महाविद्यालय, वाराणसी ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने साहित्य और समाज सेवा के आपसी संबंध पर चर्चा करते हुए बताया कि कैसे समाज में स्वच्छता, सेवा और सद्भावना को बढ़ावा देने में साहित्य एक प्रभावी माध्यम बन सकता है।





इसके बाद भोजनावकाश हुआ, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने एक साथ भोजन किया और अपने विचारों का आदान-प्रदान किया।भोजन उपरांत गंगा निर्मलीकरण रैली का आयोजन किया गया, जो शिवाला घाट से तुलसी घाट तक निकाली गई। इस रैली में स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और "गंगा मैया निर्मल हो", "स्वच्छ गंगा, सुंदर गंगा" जैसे प्रभावशाली नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया।



इस रैली ने घाटों पर उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया और स्वच्छता के प्रति एक सकारात्मक संदेश दिया।

स्वयंसेवकों ने आम जनों को गंगा निर्मलीकरण के इस अभियान द्वारा सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया और समाज में गंगा स्वच्छता का संदेश फैलाने की अपील की।



तुलसी घाट पर पहुँचकर स्वयं सेवको ने गंगा स्वच्छता के प्रति स्वयं को प्रतिबद्ध किया। तत्पश्चात मदर टेरेसा चैरिटी मे जाके अभिभावक और बच्चो ने उनके पास कुछ भावनात्मक और प्रेरणादायक पल बिताया गया।




स्वयंसेवकों शिवाला स्थित मदर टेरेसा दिन हीन सद्गति निवास पहुंचकर अपनी श्रद्धा और प्रेम भाव से इन निराश्रितों को  फल, बिस्किट और अन्य खाद्य सामग्री भेंट की गई, जिससे उनके चेहरे पर मुस्कान आई। इस छोटे से प्रयास ने सेवा और दान के महत्व को सभी के हृदय में गहराई से स्थापित कर दिया।

आज के शिविर का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। यह दिवस सेवा, जागरूकता और सद्भावना की भावना से परिपूर्ण रहा, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत किया।

**Report**

**Day- 04**

## दिनांक – 5 मार्च 2025, दिन –बुधवार




राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई-सी ने आज अपने सप्त दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिवस का आयोजन किया। प्रातः सभी स्वयंसेवक अस्सी घाट पर एकत्र हुए, जहाँ शिविर की शुरुआत लक्ष्य गीत के सामूहिक गायन से हुई। इस गीत ने स्वयंसेवकों में नए उत्साह और ऊर्जा का संचार किया।



इसके पश्चात, साइबर सुरक्षा (Cyber Security) पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा हुई। जिसमें डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों, व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव और जागरूकता की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की।




इसके बाद, स्वयंसेवकों ने साइबर अपराध (Cyber Crime) पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के खतरे, और डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। दर्शकों ने इसे खूब सराहा और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का संकल्प लिया।





नाटक के बाद, स्वयंसेवकों ने रानी लक्ष्मीबाई जन्मस्थली का दौर किया। वहाँ यूनिट जी का कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा सिंह ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन, उनकी उपलब्धियों और ब्रिटिश शासन के विरुद्ध उनके संघर्ष के बारे में बताया। उन्होंने झाँसी की रानी के साहस और बलिदान की प्रेरणादायक कहानी सुनाई, जिससे सभी स्वयंसेवकों में देशभक्ति की भावना जागृत हुई।

इसके उपरांत, रानी लक्ष्मीबाई जन्मस्थली से रविदास घाट तक, अस्सी घाट होते हुए, साइबर सुरक्षा पर जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान स्वयंसेवकों ने "साइबर सुरक्षा, समय की मांग", "सतर्क रहें, सुरक्षित रहें", "सोशल मीडिया पर सावधान रहें" जैसे नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया।



अगले सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. नवल कृष्ण (M.A., Ph.D.), म्यूज़ियम/हेरिटेज एवं भारतीय कला समीक्षक ने "संग्रहालय और संस्कृति" विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने संग्रहालयों के दार्शनिक दृष्टिकोण, उनकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को भारतीय पुरातत्व, कला और विरासत को समझने और संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने संग्रहालयों में रखी प्राचीन कलाकृतियों और पुरावशेषों के महत्व को भी समझाया।





आज का शिविर राष्ट्रीय गान के साथ संपन्न हुआ। यह दिन ज्ञान, जागरूकता और राष्ट्रप्रेम से परिपूर्ण रहा, जिसमें स्वयंसेवकों ने साइबर सुरक्षा, इतिहास और संस्कृति से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गहन जानकारी प्राप्त की और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक दृढ़ किया।

**Report**

**Day- 05**

# दिनांक – 6 मार्च 2025, दिन –गुरुवार




आज सप्त दिवसीय शिविर के पंचम दिवस का आयोजन किया गया। सभी स्वयंसेवक द्वारा शिविर की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के सामूहिक गायन से हुई।

इसके पश्चात, डॉ. रामलखन तिवारी ने योग एवं प्राणायाम पर एक प्रेरणादायक सत्र लिया। उन्होंने योग के सिद्धांतों, प्राणायाम की महत्ता, तथा जीवन में योग के व्यावहारिक अनुप्रयोग के विषय में गहन जानकारी दी। इसके साथ ही, उन्होंने स्वयंसेवकों को विभिन्न आसनों और प्राणायाम का व्यावहारिक अभ्यास भी करवाया। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।






इसके बाद, स्वयंसेवकों ने रविदास घाट से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो", "स्वस्थ जीवन, सुंदर जीवन", "नशा मुक्समाज, शक्त समाज" जैसे प्रभावशाली नारे लगाते हुए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।






रैली के उपरांत, स्वयंसेवकों ने ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया, जहाँ उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली और उसके उपयोग को समझा। विशेषज्ञ इंजीनियर श्री अंकित कुमार ने बताया कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट किस प्रकार जल को शुद्ध करता है और इसे पुनः उपयोग योग्य बनाता है। यह सत्र पर्यावरणीय संरक्षण और जल संसाधनों के सतत उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण अनुभव रहा।





भोजन के पश्चात, श्री दिलीप चंद्रवंशी, संस्कृत भारती प्रमुख प्रशिक्षक, पार्श्वनाथ विद्यापीठ ने "राष्ट्र की महान विभूतियाँ" विषय पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने संस्कृत भाषा की प्राचीनता और इसकी ऐतिहासिक महांता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह न केवल भारत की सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि यह ज्ञान, दर्शन और विज्ञान की एक महत्वपूर्ण भाषा रही है।उन्होंने बताया कि संस्कृत विश्व की सबसे प्राचीन और वैज्ञानिक भाषा है, तथा इसकी संरचना अन्य भाषाओं से किस प्रकार भिन्न है।






अंत में, स्वयंसेवकों ने "स्वच्छता" पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से स्वच्छता के महत्व, स्वच्छ भारत अभियान और व्यक्तिगत जिम्मेदारी को दर्शाया गया। यह प्रस्तुति अत्यंत प्रभावशाली रही और सभी उपस्थित दर्शकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।






आज का शिविर राष्ट्रीय गान के साथ संपन्न हुआ। पंचम दिवस का यह आयोजन शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता से परिपूर्ण रहा, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत किया।र समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक दृढ़ किया।

**Report**

**Day- 06**

# दिनांक – 7 मार्च 2025, दिन –शुक्रवार




आज सप्त दिवसीय शिविर के षष्ठम दिवस का आयोजन किया गया। सभी स्वयंसेवक डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज ग्राउंड में एकत्र हुए, जहाँ शिविर की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के सामूहिक गायन से हुई।





इसके बाद, सभी स्वयंसेवकों ने नई शिक्षा नीति (NEP 2020) पर आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लिया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम - NEP 2020





इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. आशुतोष मोहन ( प्रोफेसर, इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज) और डॉ. आर.एस. श्रा (विभागाध्यक्ष, ऑफिस मैनेजमेंट, कला संकाय) थे। उन्होंने भारत में शैक्षिक सुधारों के सिद्धांत और ढांचे पर चर्चा करते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति (NEP 2020) का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को समकालीन, व्यावहारिक और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है।

महिला सशक्तिकरण पर महिला शक्ति का सम्मान







राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पी एन सिंह मेमोरियल हॉल में महिला सशक्तिकरण पर एक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रो. ऋचा रानी यादव (विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज) के सम्मान से प्रारंभ हुआ।






।उन्होंने महिलाओं के संघर्ष, उनकी सामाजिक चुनौतियाँ और महिलाओं को सशक्त बनाने के तरीकों पर एक प्रेरणादायक भाषण दिया।




उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण केवल अधिकारों की बात नहीं, बल्कि समान अवसरों और आत्मनिर्भरता की प्रक्रिया है। इसके बाद, AIHC की सहायक प्रोफेसर डॉ ज्योति एवं संस्कृत विभाग की सहायक प्रोफेसर का भी सम्मान किया गया।

स्वयंसेवकों ने महिला सशक्तिकरण और नारी शक्ति पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कुछ ने भाषण दिए, तो कुछ ने नारी शक्ति पर कविताएँ प्रस्तुत कीं। इस दौरान महिलाओं के योगदान और उनके सशक्तिकरण के महत्व को लेकर प्रभावशाली चर्चाएँ हुईं।

आज का शिविर राष्ट्रीय गान के साथ संपन्न हुआ।

**Report**

**Day- 07**

# दिनांक – 8 मार्च 2025, दिन –शनिवार







आज सप्त दिवसीय शिविर के अंतिम दिवस का आयोजन किया गया। सभी स्वयंसेवक श्री गुरु रविदास जन्मस्थली पर एकत्र हुए, जहाँ शिविर की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के सामूहिक गायन से हुई।




इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी  सप्त दिवसीय शिविर के समापन पर अपने विचार रखे। उन्होंने इस पूरे शिविर की गतिविधियों और इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को समाज सेवा में निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।







इसके बाद सात दिवसीय शिविर और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह शिविर न केवल सामाजिक जागरूकता का माध्यम बना बल्कि स्वयंसेवकों को भी एक नई दिशा प्रदान करने में सफल रहा।



नुक्कड़ नाटक – महिला सशक्तिकरण एवं अन्य सामाजिक मुद्दे

इसके बाद यूनिट सी के स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसमें विभिन्न सामाजिक विषयों को उठाया गया, जिनमें –घरेलू हिंसा, महिला अधिकार और सशक्तिकरण, यौन उत्पीड़न एवं सुरक्षा

जैसे विषय प्रमुख थे। इस नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।






मुख्य अतिथि 1 – डॉ. अशुतोष सिंह

इसके पश्चात डॉ. अशुतोष सिंह (कोऑर्डिनेटर, ब्लड सेंटर, IMS, BHU) ने रक्तदान और ब्लड बैंकों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि –ब्लड बैंक कैसे काम करते हैं। किन मरीजों को प्राथमिकता दी जाती है।



मुख्य अतिथि 2 – डॉ. विनय कुमार शुक्ला

डॉ. विनय कुमार शुक्ला (सहायक प्रोफेसर, आर.पी.एस. देव पी.जी. कॉलेज, बैकुंठपुर, छत्तीसगढ़) का स्वागत किया गया।

उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के जीवन में महत्व पर चर्चा की और अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि – एनएसएस ने उनके व्यक्तित्व को कैसे आकार दिया। समाज सेवा का उनके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा।




महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ भी दीं।

फोटो सेशन एवं समापन

इसके पश्चात सभी कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेवकों ने समूह फोटो सेशन किया, जिसमें इस शिविर की यादों को संजोया गया। अंत में, राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया और सभी स्वयंसेवकों को विदा किया गया।

शिविर का निष्कर्ष

यह सप्त दिवसीय शिविर समाज सेवा, जागरूकता और ज्ञान-वर्धन का एक उत्कृष्ट माध्यम रहा। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, साइबर सुरक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य किया और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया।

## Media Coverage



# सप्ताहव्यापी एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

डीएवी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के यूनिट सी, एफ एवं जी के द्वारा सप्त दिवसीय शिविर का शुभारंभ रविवार को गंगा स्थित रविदास घाट पर हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत एवं ताल से हुआ। तत्पश्चात समस्त स्वयंसेवकों के परिचय विवरण लिया गया। अगले सत्र में कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पार्षद प्रतिनिधि डॉक्टर रविन्द्र सिंह, मुख्य वक्ता डॉक्टर पुष्पा त्रिपाठी, प्रोफेसर, आर्य महिला पीजी कॉलेज एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर रंगनाथ मिश्र के स्वागत से हुआ। डॉक्टर रविन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना का युवाओं के व्यक्तित्व एवं सामाजिक विकास में होने वाले भूमिका को बताया। मुख्य वक्ता डॉक्टर पुष्पा त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की आध्यात्मिकता रखी एवं संस्कार के व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव को बताया। इन्होंने स्वयंसेवकों को स्वस्थ्य शारीरिक मानसिक व भावात्मक विकास हेतु अभिप्रेरित किया। डॉक्टर रंगनाथ मिश्र ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में उपयोगिता को बताया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सेबी के स्मार्ट ट्रेनर श्री दीपक कुमार ने स्वयंसेवकों को फाइनेंशियल अवेयरनेस कार्यक्रम द्वारा जागरूक किया एवं साइबर सुरक्षा के विभिन्न आयामों को बताया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर राकेश कुमार झा, स्वागत डॉक्टर दीपक कुमार शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर मनीषा सिंह ने दिया। कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवक शामिल हुए।

## एक नजर इधर भी

# बीएचयू कैम्पस में आज से दिखेगी स्पंदन की रौनक

सी (एसएनबी)। काशी हिन्दू ालय के अंतर-संकाय सांस्कृतिक युवा । 'स्पंदन' का आगाज सोमवार को येटर ग्राउंड में दोपहर दो वेभिन्न संकायों, संस्थानों ाविद्यालयों के विद्यार्थियों प्र शोभायात्रा निकाल कर ाएगा। वहीं, महोत्सव का क उद्घाटन शाम पांच म्फीथियेटर ग्राउंड के मंच या जाएगा। उद्घाटन की मुख्य अतिथि प्रख्यात गायिका एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की ात्रा पद्मश्री डॉ. सोमा घोष होंगी। स्पंदन के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताएं भी शुरु हो जाएंगी। सुबह 9:30 बजे से केएन उडुपा प्रेक्षागृह में हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता, दृश्य कला संकाय के एग्जीबीशन हॉल में ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी, डॉ. कर्ण सिंह हॉल, शारीरिक शिक्षा विभाग में हिंदी भाषण, विधि संकाय के फैकल्टी लाउंज में संस्कृत भाषण और कृषि शताब्दी भवन में हिंदी कविता की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। वहीं सुबह 10 बजे से दृश्य कला संकाय के कमरा संख्या-36 में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

**शोभायात्रा के साथ होगा इस युवा महोत्सव का आगाज़**

**पद्मश्री सोमा घोष होंगी उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि**

# सप्ताहव्यापी एनएसएस शिविर का शुभारंभ



**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के यूनिट सी, एफ एवं जी के द्वारा सप्त दिवसीय शिविर का शुभारंभ रविवार को नगवा स्थित रविदास घाट पर हुआ। अगले सत्र में कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पार्षद प्रतिनिधि डॉ. रविन्द्र सिंह, मुख्य वक्ता डॉ. पुष्पा त्रिपाठी, प्रोफेसर, आर्य महिला पीजी कॉलेज एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. रंगनाथ मिश्र के स्वागत से हुआ। डॉ. रविन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना का युवाओं के व्यक्तित्व एवं सामाजिक विकास में होने वाले भूमिका को बताया। मुख्य वक्ता डॉ. पुष्पा त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की आधारशिला रखी एवं संस्कार के व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव को बताया। इन्होंने स्वयंसेवको को स्वस्थ्य शारीरिक मानसिक व भावात्मक विकास हेतु अभिप्रेरित किया। डॉ. रंगनाथ मिश्र ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में उपयोगिता को बताया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सेबी के स्मार्ट ट्रेनर दीपक कुमार ने स्वयंसेवको को फाइनेंशियल अवेयरनेस कार्यक्रम से जागरूक किया एवं साइबर सुरक्षा के विभिन्न आयामों को बताया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार झा, स्वागत डॉ. दीपक कुमार शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीषा सिंह ने दिया। कार्यक्रम में सैकड़ो स्वयंसेवक शामिल हुए।

स्वागत मनोज विश्वकर्मा धन्यवाद ज्ञापन प्रो राजेश श्रीवास्तव ने किया।

## डीएवीः सप्ताहव्यापी एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ



**वाराणसी (जनवार्ता)**। डीएवी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के यूनिट सी, एफ एवं जी के द्वारा सप्त दिवसीय शिविर का शुभारंभ रविवार को नगवा स्थित रविदास घाट पर हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत एवं ताल से हुआ। ततपश्चात समस्त स्वयंसेवकों के परिचय विवरण लिया गया। अगले सत्र में कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पार्षद प्रतिनिधि डॉ. रविन्द्र सिंह, मुख्य वक्ता डॉ. पुष्पा त्रिपाठी, प्रोफेसर, आर्य महिला पीजी कॉलेज एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. रंगनाथ मिश्र के स्वागत से हुआ। डॉ. रविन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना का युवाओं के व्यक्तित्व एवं सामाजिक विकास में होने वाले भूमिका को बताया। मुख्य वक्ता डॉ. पुष्पा त्रिपाठी ने संस्कार के व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव को बताया। इन्होंने स्वयंसेवकों को स्वस्थ्य शारीरिक मानसिक व भावात्मक विकास हेतु अभिप्रेरित किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सेबी के स्मार्ट ट्रेनर दीपक कुमार ने स्वयंसेवको को फाइनेंशियल अवेयरनेस कार्यक्रम द्वारा जागरूक किया एवं साइबर सुरक्षा के विभिन्न आयामों को बताया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार झा, स्वागत डॉ. दीपक कुमार शर्मा एवं धन्यवाद डॉ. मनीषा सिंह ने दिया।



वार
माता-पि
खुशी
है तो
नहीं हो
नहीं बा
हुआ है
आती
खुश है

विद्
से
आ

वार
तिवारी
वितरण
हरहुअ
अनुरोध
लिए
6 बजे
उपकेंद्र

## नुक्कड़ नाटक से किया साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक



वाराणसी। डीएवी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे सप्ताहव्यापी शिविर में पांचवे दिन बुधवार को नुक्कड़ नाटक, रैली, योगाभ्यास आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। इकाई सी, एफ एवं जी के स्वयंसेवकों ने अस्सी घाट पर तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके उपरांत महारानी लक्ष्मीबाई जन्मस्थली पर जाकर उनके पराक्रम और शौर्य गाथा से रूबरू हुए। इस मौके पर भारत कला भवन के पूर्व संयुक्त निदेशक प्रो. नवल कृष्ण ने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी डा. राजेश झा, डा. दीपक शर्मा एवं डा. मनीषा सिंह ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। दुर्गाकुण्ड स्थित धर्मसंघ प्रांगण में चल रहे इकाई ई एवं एच के स्वयंसेवकों ने सबसे पहले डा. पूर्णिमा मिश्रा के निर्देशन में योगाभ्यास किया। इसके बाद डा. शान्तनु सौरभ ने स्वयंसेवकों को एआई और साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान दिया। संयोजन डा. ऋचा गुप्ता एवं डा. प्रियंका बहल ने किया। इकाई बी के स्वयंसेवकों के लिए कंचनपुर ग्राम में कार्यक्रम अधिकारी डा. ओमप्रकाश कुमार के निर्देशन में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कैम्प लगाया गया। मुख्य अतिथि शिव प्रसाद गुप्त चिकित्सालय के क्षय रोग विशेषज्ञ डा. अन्वित श्रीवास्तव ने टीबी संबधी जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत किया जागरूक

## स्वयंसेवकों ने गंगा निर्मलीकरण को निकाली रैली, फिट इण्डिया के लिए लगाई दौड़

वाराणसी। डीएवी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों द्वारा चल रहे सप्ताहव्यापी शिविर के



अंतर्गत मंगलवार को चौथे दिन विविध आयोजन हुए। ईकाई बी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश कुमार के नेतृत्व में फिट इण्डिया मैराथन का आयोजन हुआ। कंचनपुर स्थित पार्क एवं व्यायामशाला में मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ जिसमें 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीएवी के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. मीनू लाकड़ा रही, जिन्होंने सबको फिट इंडिया मुहिम के बारे में बताया। वहीं इकाई ई एवं एच के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ऋचा गुप्ता एवं डॉ. प्रियंका बहल के निर्देशन में दुर्गाकुण्ड स्थित मणि मंदिर एवं बाग की साफ सफाई की। इस मौके पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय के अधिकारी एवं हास्य कवि डॉ. अजय श्रीवास्तव %चकाचक ज्ञानपुरी% ने स्वयंसेवकों से संवाद किया। इसके अलावा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार झा, डॉ. दीपक कुमार शर्मा एवं डॉ. मनीषा सिंह के नेतृत्व में यूनिट जी, एफ एवं सी के स्वयंसेवकों ने गंगा निर्मलीकरण के लिए विशाल गंगा स्वच्छता रैली तुलसी घाट से शिवाला घाट तक निकाली। इसके बाद स्वयंसेवक शिवाला घाट स्थित मदर टेरेसा आश्रम पहुँचकर उन्हें दैनिक उपयोग की वस्तुएं भेंट की। इस मौके पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉ. गंगाधर मिश्र ने भारतीय संस्कृति परम्परा एवं गंगा नदी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# गंगा निर्मलीकरण को रैली फिट इण्डिया के लिए दौड़



**वाराणसी (जनवार्ता)।** डीएवी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों द्वारा चल रहे सप्ताहव्यापी शिविर के अंतर्गत मंगलवार को चौथे दिन विविध आयोजन हुए। ईकाई बी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश कुमार के नेतृत्व में फिट इण्डिया मैराथन का आयोजन हुआ। कंचनपुर स्थित पार्क एवं व्यायामशाला में मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ जिसमें 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीएवी के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. मीनू लाकड़ा रही, जिन्होंने सबको फिट इंडिया मुहिम के बारे में बताया। वहीं इकाई ई एवं एच के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ऋचा गुप्ता एवं डॉ. प्रियंका बहल के निर्देशन में दुगार्कुण्ड स्थित मणि मंदिर एवं बाग की साफ सफाई की। इस मौके पर हास्य कवि डॉ. अजय श्रीवास्तव 'चकाचक ज्ञानपुरी' ने स्वयंसेवकों से संवाद किया।

05-03-25 VNS P...





की

लकी

ल गीत
र बाबा
रंपरागत
राजसी
करेंगे।
या गौरा
क्त होने
प्राचीन
और
फाई का
ही काष्ठ
जी द्वारा
गया है।
शी के
दिन
री रजत
काशी
र के
पित कर
आरती
मेश की
(महंत-
शीवासी

# स्वयंसेवकों ने गंगा निर्मलीकरण को निकाली रैली

डीएवी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों द्वारा चल रहे सप्ताहव्यापी शिविर के अंतर्गत मंगलवार को चौथे दिन विविध आयोजन हुए। ईकाई बी में कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर ओमप्रकाश कुमार के नेतृत्व में फिट इण्डिया मैराथन का आयोजन हुआ। कंचनपुर स्थित पार्क एवं व्यायामशाला में मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ जिसमें ५० से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीएवी के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मीनू लाकड़ा रही, जिन्होंने सबको फिट इंडिया मुहिम के बारे में बताया। वहीं इकाई ई एवं एच के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर ऋचा गुप्ता एवं डॉक्टर प्रियंका बहल के निर्देशन में दुर्गाकुण्ड स्थित मणि मंदिर एवं बाग की साफ सफाई की। इस मौके पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय के अधिकारी एवं हास्य कवि डॉक्टर अजय श्रीवास्तव चकाचक ज्ञानपुरी ने स्वयंसेवकों से संवाद किया। इसके अलावा कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार झा, डॉक्टर दीपक कुमार शर्मा एवं डॉक्टर मनीषा सिंह के नेतृत्व में यूनिट जी, एफ एवं सी के स्वयंसेवकों ने गंगा निर्मलीकरण के लिए विशाल गंगा स्वच्छता रैली तुलसी घाट से शिवाला घाट तक निकाली। इसके बाद स्वयंसेवक शिवाला घाट स्थित मदर टेरेसा आश्रम पहुँचकर उन्हें दैनिक उपयोग की वस्तुएं भेंट की। इस मौके पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉक्टर गंगाधर मिश्र ने भारतीय संस्कृति परम्परा एवं गंगा नदी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।



# नुक्कड़ नाटक: साइबर फ्रॉड के प्रति किया जागरूक



**वाराणसी (जनवार्ता)।** डीएवी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे सप्ताहव्यापी शिविर में पाँचवे दिन बुधवार को नुक्कड़ नाटक, रैली, योगाभ्यास आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। इकाई सी, एफ एवं जी के स्वयंसेवकों ने अस्सी घाट पर तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके उपरांत महारानी लक्ष्मीबाई जन्मस्थली पर जाकर उनके पराक्रम और शौर्य गाथा से रूबरू हुए। इस मौके पर भारत कला भवन के पूर्व संयुक्त निदेशक प्रो. नवल कृष्ण ने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश झा, डॉ. दीपक शर्मा एवं डॉ. मनीषा सिंह ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

दुगार्कुण्ड स्थित धर्मसंघ प्रांगण में चल रहे इकाई ई एवं एच के स्वयंसेवकों ने सबसे पहले डॉ. पूर्णिमा मिश्रा के निर्देशन में योगाभ्यास किया। इसके बाद डॉ. शान्तनु सौरभ ने स्वयंसेवकों को एआई और साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान दिया। संयोजन डॉ. ऋचा गुप्ता एवं डॉ. प्रियंका बहल ने किया। इकाई बी के स्वयंसेवकों के लिए कंचनपुर ग्राम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश कुमार के निर्देशन में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कैम्प लगाया गया। मुख्य अतिथि शिव प्रसाद गुप्त चिकित्सालय के क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ. अन्वित श्रीवास्तव ने टीबी सम्बधी जरूरी दिशा निर्देश दिए।

---

व्यक्तियों को बिना किसी कठिनाई के मंदिर परिसर में जाने की सुविधा मिल सके।

## नुक्कड़ नाटक से किया साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक

**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे सप्ताह व्यापी शिविर के 5वें दिन बुधवार को नुक्कड़ नाटक, रैली, योगाभ्यास आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। इकाई सी, एफ एवं जी के स्वयंसेवकों ने अस्सी घाट पर तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक किया। इसके उपरांत महारानी लक्ष्मीबाई जन्मस्थली पर जाकर उनके पराक्रम और शौर्य गाथा से रू-ब-रू हुए। इस मौके पर भारत कला भवन के पूर्व संयुक्त निदेशक प्रो. नवल कृष्ण ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश झा, डॉ. दीपक शर्मा एवं डॉ. मनीषा सिंह ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। दुर्गाकुण्ड स्थित धर्मसंघ प्रांगण में चल रहे इकाई ई एवं एच के स्वयंसेवकों ने सबसे पहले डॉ. पूर्णिमा मिश्रा के निर्देशन में योगाभ्यास किया। इसके बाद डॉ. शांतनु सौरभ ने स्वयंसेवकों को एआई और साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान दिया। संयोजन डॉ. ऋचा गुप्ता एवं डॉ. प्रियंका बहल ने किया। इकाई बी के स्वयंसेवकों के लिए कंचनपुर ग्राम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश कुमार के निर्देशन में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कैम्प लगाया गया। मुख्य अतिथि शिव प्रसाद गुप्त चिकित्सालय के क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ. अन्वित श्रीवास्तव ने टीबी संबंधी जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

## डीएम ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं

र उनकी दुकान को सीज करने तक की में कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी। स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। अधिकारी मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटक से किया साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक

वाराणसी। डीएवी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे सप्ताहव्यापी शिविर में पाँचवे दिन बुधवार को नुक्कड़ नाटक, रैली, योगाभ्यास आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। इकाई सी, एफ एवं जी के स्वयंसेवकों ने अस्सी घाट पर तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके उपरांत महारानी लक्ष्मीबाई जन्मस्थली पर जाकर उनके पराक्रम और शौर्य गाथा से रूबरू हुए। इस मौके पर भारत कला भवन के पूर्व संयुक्त निदेशक प्रो. नवल कृष्ण ने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश झा, डॉ. दीपक शर्मा एवं डॉ. मनीषा सिंह ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

दुर्गाकुण्ड स्थित धर्मसंघ प्रांगण में चल रहे इकाई ई एवं एच के स्वयंसेवकों ने सबसे पहले डॉ. पूर्णिमा मिश्रा के निर्देशन में योगाभ्यास किया। इसके बाद डॉ. शान्तनु सौरभ ने स्वयंसेवकों को एआई और साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान दिया। संयोजन डॉ. ऋचा गुप्ता एवं डॉ. प्रियंका बहल ने किया। इकाई बी के स्वयंसेवकों के लिए कंचनपुर ग्राम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश कुमार के निर्देशन में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कैम्प लगाया गया। मुख्य अतिथि शिव प्रसाद गुप्त चिकित्सालय के क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ. अन्वित श्रीवास्तव ने टीबी सम्बधी जरूरी दिशा निर्देश दिए।




## सूचना

सूचना बजाज एलियांज की जीवन बीमा की पालिसी संख्या 0264790400 में मेरा नाम अभिषेक कुमार दर्ज है जो त्रृटिपूर्ण है। आधार कार्ड सहित अन्य अभिलेखों में मेरा सही व वास्तविक नाम जितेन्द्र प्रसाद है जिसे दर्ज किया जाय।

**जितेन्द्र प्रसाद पुत्र फुल चन्द राम ग्राम सुल्तानपुर, पोस्ट रसड़ा जिला बलिया उत्तर प्रदेश पिनकोड 221712**